कोटद्वार,गुरूवार
30 मई 2024
वर्षः 46
अंकः 39 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## एक नजर

### पानी की टंकी में गिरे गुलदार को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

नैनीताल। बेतालघाट ब्लॉक के तल्लागांव स्थित साईं स्टोन क्रशर के अंडर ग्राउंड पानी की टंकी में बुधवार तड़के एक गुलदार गिर गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। बुधवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे साईं स्टोन क्रशर के अंडर ग्राउंड पानी की टंकी में एक गुलदार गिर गया। जिसे टंकी में फंसा देख क्रशर कर्मचारियों ने इसकी सूचना वन विभाग और राजस्व विभाग को दी। मौके पर पहुंचे उपप्रभागीय वनाधिकारी राजकुमार, कोसी रेंज की रेंजर सोनल पनेरू, पशुचिकित्सक डॉ. हिमांशु पांगती, उपराजिक कोसी वनक्षेत्र ललित मोहन आर्य ने रेस्क्यू अभियान चलाया। दोपहर बाद किसी तरह गुलदार को रेस्क्यू कर सीढ़ियों के सहारे सुरक्षित टंकी से बाहर निकालकर जंगल में छोड़ दिया गया। कोसी रेंज की रेंजर पनेरू ने बताया कि गुलदार को टेंकुलाइज करने की जरूरत नहीं पड़ी।

### सांगली में नहर में 10 मीटर नीचे गिरी कार, एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत

सांगली । महाराष्ट्र के सांगली में सूखी पड़ी नहर में एक कार गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। तासगांव पुलिस स्टेशन के ड्यूटी ऑफिसर शिवाजी मांडले ने बताया कि हादसा तासगांव–मनेराजुरी रोड पर रात करीब 1.30 बजे हुआ, जब तेज रफ्तार ऑल्टो कार तासरी नहर में गिर गई। नहर गर्मी के कारण सूखी पड़ी थी। करीब 10 मीटर नीचे नहर में गिरने से कार के परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है कि परिवार बेटी का जन्मदिन मनाकर कावाथे–महाकाल से तासगांव लौट रहा था। हादसे के असली कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन शुरुआती जांच से संकेत मिले हैं कि परिवार में सदस्यों में से एक, जो कार ड्राइव कर रहा था, उसे गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई होगी। मांडले ने बताया कि सुबह होने पर एक स्थानीय व्यक्ति ने नहर में गिरी गाड़ी और घायल पड़े लोगों को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। मांडले ने बताया कि बचाव दल ने एकमात्र जिंदा बची 30 वर्षीय महिला स्वप्नाली वी. भोंसले को गंभीर चोटों के साथ तासगांव के लाइफकेयर अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना में मारे गए अन्य पीड़ितों की पहचान 60 वर्षीय राजेंद्र जे. पाटिल, उनकी 55 वर्षीय पत्नी सुजाता आर. पाटिल, उनकी 30 वर्षीय बेटी प्रियंका ए. खराडे, 3 वर्षीय पोते ध्रुव, 2 वर्षीय राजवी और 1 वर्षीय कार्तिकी के रूप में हुई है।मांडले ने बताया कि कार को नहर से निकालने के लिए क्रेन मंगाई गई है, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### पंजाब में ईडी की बड़ी कार्रवाई : अवैध खनन मामले में रोपड़ में 13 स्थानों पर छापेमारी, तीन करोड़ की नगदी बरामद

रूपनगर । पंजाब में भोला ड्रग्स मामले से जुड़ी जांच में ईडी ने खनन ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने बुधवार को मुख्य आरोपी जगदीश सिंह उर्फ भोला से जुड़े मादक पदार्थों से जुड़े धन शोधन मामले के तहत राज्य के कई स्थानों पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों की तलाशी ली जा रही है, क्योंकि यह पाया गया कि भोला मामले में ईडी द्वारा पहले जब्त की गई जमीन पर अवैध खनन किया जा रहा था।

ईडी अधिकारी ने बताया कि जब्त की गई जमीन पर और रूपनगर जिले के कुछ इलाकों में अवैध खनन किया जा रहा था। कुख्यात भोला ड्रग मामले में ईडी ने इस जमीन को जब्त किया था। भोला ड्रग केस मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत के समक्ष सुनवाई के महत्वपूर्ण चरण में है। इस कथित अवैध खनन मामले में कुछ आरोपियों में नसीबचंद और श्री राम क्रशर शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान अब तक करीब 3 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए हैं। ड्रग्स मनी लॉन्ड्रिंग का मामला करोड़ों रुपये के सिंथेटिक नारकोटिक्स रैकेट से जुड़ा है, जिसका पंजाब में 2013–14 के दौरान पता चला था।

# हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने के लिए तैयार विपक्षी दल : अमित शाह

महाराजगंज/देवरिया,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को महाराजगंज और देवरिया में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने तुष्टीकरण की राजनीति के लिए पिछड़े समाज के आरक्षण पर कैंची चलाने का काम किया है।

अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दल कहते हैं कि भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी। दस वर्ष से भाजपा की सरकार है, कोई आरक्षण खत्म नहीं किया गया। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस वाले झूठ बोलने में माहिर हैं। अभी ये सहारा के रिफंड का मुद्दा उठा रहे हैं। जब सहारा का घोटाला हुआ तो किसका राज था? अरे अखिलेश बाबू, आपकी सरकार में घोटाला हुआ। मोदी जी ने तो रिफंड की शुरुआत की। मैं आज यहां कह रहा हूं कि सहारा में जिन लोगों का पैसा फंसा है, हम उनकी पाई–पाई वापस करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव रामभक्तों



पर गोली चलाने वाले और राम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है। आपको तय करना है कि आप राम मंदिर बनाने वाले नरेंद्र मोदी जी के साथ रहोगे या गोली चलाने वाली सपा–कांग्रेस के साथ? अमित शाह ने कहा कि पीओके हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे। आपकी एक वोट की ताकत देखिए कि मोदी जी ने आतंकवाद से मुक्त करा दिया। पुलवामा में आतंकवादी हमला हुआ, भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक की और पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों को मारा है। कांग्रेस पार्टी देश को डरा रही है कि पीओके की बात मत करो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। अरे, राहुल बाबा पाकिस्तान के एटम बम से हम भाजपा वाले नहीं डरते।

उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी 305 सीट पाचवें चरण में ही पार कर चुके हैं। छठे और सातवें चरण में 400 पार करने वाले हैं। 4 जून को काउंटिंग है, 4 जून की दोपहर को ये दोनों शहजादे (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम खराब थी, इसलिए हम हार गए। इन्होंने तय कर लिया है कि अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोडना है। 4 जून को ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ेंगे और 6 जून की इनकी टिकट बुक है, ये बैंकाक–थाईलैंड छुट्टी मनाने चले जाएंगे। राहुल बाबा 40 सीट भी पार नहीं कर रहे हैं और अखिलेश जी 4 के अंदर रहने वाले हैं।

अमित शाह ने आगे कहा कि देवरिया चीनी का कटोरा कहा जाता था, सपा–बसपा की सरकार में चीनी मिल बंद कर दी गई। हर जिले में एक–एक बड़ी चीनी मिल चालू की जाएगी।

### वाहन दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

उत्तरकाशी। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर हनुमान चट्टी, बनास के पास बुधवार को एक यूटिलिटी वाहन अनियन्त्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। जिनको उपचार के लिए सीएससी बड़कोट में भर्ती कराया गया है।जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को एक यूटिलिटी वाहन बड़कोट से जानकी चट्टी की ओर जा रहा था। बनास के पास पहुंचते ही वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और करीब 40 मीटर खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में चालक समेत चार लोग सवार थे। जिसमें जिसमें चालक 42 वर्षीय सोहन लाल पुत्र नथुल्या, निवासी ग्राम स्यालना, बड़कोट उत्तरकाशी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 42 वर्षीय पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र सोवेन्द्र, 42 वर्षीय जयदेव सिंह पुत्र कर्म सिंह निवासी ग्राम स्यालना, बड़कोट उत्तरकाशी तथा 43 वर्षीय गिरीश चन्द्र पुत्र दयाराम निवासी ग्राम सरनौल, बड़कोट उत्तरकाशी घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को खाई से रेस्क्यू कर बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बडकोट भेज दिया।

# चार साल से जेल में बंद शरजील इमाम को हाईकोर्ट ने दी जमानत

## भडक़ाऊ भाषण से जुड़ा है मामला



नईदिल्ली,। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कार्यकर्ता शरजील इमाम को दिल्ली के जामिया क्षेत्र और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में कथित रूप से भडक़ाऊ भाषण देने के लिए उनके खिलाफ दर्ज राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) मामले में वैधानिक जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की खंडपीठ ने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए आदेश पारित किया कि वह अपने खिलाफ लगाए गए अपराधों के लिए आधी सजा पहले ही काट चुका है। हालांकि, इमाम जेल में ही रहेगा क्योंकि वह 2020 के दिल्ली दंगों से संबंधित बड़ी साजिश के मामले में भी आरोपी है।

भडक़ाऊ भाषण देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए शरजील इमाम को करीब चार साल बाद जमानत मिली है। फरवरी में दिल्ली की एक कोर्ट ने शरजील इमाम को वैधानिक जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद शरजील ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

इमाम पर दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा द्वारा दर्ज मामले में मामला दर्ज किया गया था, जिसे शुरू में देशद्रोह के अपराध के लिए दर्ज किया गया था और बाद में यूएपीए की धारा 13 लागू की गई थी। वह इस मामले में 28 जनवरी, 2020 से हिरासत में हैं।

# 3000 भक्तों को करना होगा और इंतजार, चारधाम रूट पर होल्डिंग प्वाइंट पर रुके

देहरादून। बदरीनाथ–केदारनाथ समेत चारों धामों में दर्शन करने को देश के कई राज्यों से तीर्थ यात्री दर्शन करने को उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए सरकार ने 31 मई तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाई हुई है। ऋषिकेश और हरिद्वार के होल्डिंग प्वाइंट में लगभग 3000 यात्री मौजूद हैं, जिन्हें धामों में भेजा जा रहा है। चारधाम से सभी श्रद्धालु यात्रा के बाद सकुशल लौट रहे हैं। भविष्य में श्रद्धालुओं की निरंतर बढ़ती संख्या के समाधान हेतु उन्होंने चारधाम यात्रा से संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को नए ठहराव स्थलों को चिहिन्त कर वहां पर पार्किंग स्थल विकसित



करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भविष्य में चारधाम यात्रा के सफल संचालन हेतु नेशनल टूर ऑपरेटर्स का भी सहयोग लेने को कहा। उन्होंने देश के अन्य राज्यों के ऐसे जिले जहां से सबसे अधिक यात्री चारधाम पर आते हैं, उनके जिलाधिकारियों एवं जिला प्रशासन से भी समन्वय एवं संवाद के निर्देश दिए हैं।

**चारधाम यात्रा को रजिस्ट्रेशन को उमड़ी भीड़**

चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन को पंजीकरण होने की सूचना पर हरिद्वार पर्यटन विभाग के कार्यालय में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री हरिद्वार पहुंच गए। यात्री चारधाम यात्रा जाने की जिद पर अड़े रहे। यात्री करीब तीन घंटे तक कार्यालय के बाहर ही जमा रहे। बाद में विशेष पंजीकरण के बारे में जानकारी होने के बाद ही यात्री वापस लौटे, जबकि कई यात्रियों का चारधाम यात्रा के लिए विशेष पंजीकरण किया गया।

### बुजुर्ग की हत्या

विकासनगर। बीती 13 मई को कालसी क्षेत्र के ग्राम रुपऊमें हुई बुजुर्ग की हत्या अवैध संबंधों के चलते हुई थी। पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने घटना के दिन बुजुर्ग अषाडू को अपनी पत्नी के साथ गलत हरकत करते देख लिया था। इसके बाद उसने उसके सिर पर डंडे से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। मालूम हो कि 13 मई को कालसी क्षेत्र के ग्राम रुपऊनिवासी बुजुर्ग अषाडू की हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र खजान सिंह ने घटना के दो दिन बाद 16 मई को थाना कालसी में तहरीर देकर हरिया पुत्र थेचकू और दिनेश पुत्र हरिया निवासी रुपऊपर उनके पिता की बेरहमी से हत्या का आरोप लगाया था।

# कोर्ट की कार्यवाही रिकॉर्ड करने को लेकर केजरीवाल की पत्नी, अन्य के खिलाफ याचिका दायर

नई दिल्ली,मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और कई अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। इन पर कथित तौर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के नियमों का उल्लंघन करते हुए कोर्ट की कार्यवाही को अवैध तरीके से रिकॉर्ड करने का आरोप लगाया गया है। कथित तौर पर रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। दिल्ली के वकील वैभव सिंह ने दायर जनहित याचिका में कोर्ट की कार्यवाही की कथित रिकॉर्डिंग और प्रसार में शामिल लोगों के खिलाफ जांच करने एवं एफआईआर दर्ज करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की अपील की है।



याचिका में कहा गया है कि इन कार्यों से ट्रायल कोर्ट के जज का जीवन खतरे में पड़ गया है। वैभव सिंह की याचिका में सीएम की पत्नी के अलावा अक्षय मल्होत्रा, प्रमिला गुप्ता, विनीता जैन और डॉ. अरुणेश कुमार यादव समेत कई व्यक्तियों के नाम भी शामिल हैं। याचिका में कहा गया है, आम आदमी पार्टी के कई सदस्यों ने अन्य विपक्षी पार्टी के सदस्यों के साथ मिलकर जानबूझकर कोर्ट की कार्यवाही का ऑडियो और वीडियो रिकॉर्ड किया। जिसका उद्देश्य जानबूझकर कोर्ट की छवि खराब करने और उस पर दबाव डालना था। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि सीएम केजरीवाल और उनकी पार्टी के सदस्यों ने अदालती कार्यवाही को रिकॉर्ड करने और उसे शेयर करने के लिए एक पूर्व नियोजित साजिश रची। याचिका में जिम्मेदार लोगों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने के लिए गहन जांच की मांग की गई है।




## संपादकीय

# कारावास का तात्पर्य सुधारना

देश में चल रही खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किए जाने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। अर्धखुली या खुली जेल व्यवस्था के तहत दोषियों को आजीविका कमाने के लिए दिन में परिसर से बाहर काम करके शाम को वापस लौटने की अनुमति दी जाती है। अदालत ने राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल व पश्चिम बंगाल को निर्देश दिया कि वे खुले सुधार संस्थानों की स्थापना, विस्तार व प्रबंधन पर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं, लागू नियमों, दिशा-निर्देशों और अनुभव को राष्ट्रीय कानून सेवा प्राधिकरण के साथ साझा करें। खंडपीठ ने उल्लेख किया कि जेलों व कैदियों से संबंधित मामलों में न्याय मित्र वकील ने बताया कि केंद्र सरकार आदर्श मसौदा नियमावली के तहत खुले शिविरों/संस्थाओं/जेलों का नाम खुले सुधारात्मक संस्थान किया गया है। इन जेलों का मकसद न्यूनतम बंदिशों में कैदियों को समाज से तालमेल बिठाने व बाहर सामान्य जीवन जी कर मनोवैज्ञानिक दबाव कम करना है। सबसे बड़ी अदालत पहले भी कह चुकी है कि खुली जेलों की स्थापना जेलों में भीड़ का समाधान हो सकती है। इससे कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का समाधान भी हो सकता है। जैसा कि इन जेलों में चुनिंदा कैदियों को रहने की इजाजत होती है। उनके आचरण व अनुशासन पर सख्त नजर रखी जाती है। जो कैदी तीन बार पैरोल पर जा चुके हों या जमानत से मिली अस्थाई रिहाई के दौरान उनके खिलाफ कोई शिकायत या अनुचित आचरण की कोई शिकायत न हो, उन्हें भी यहां रखा जाता है। जाहिर है, यह दोषियों के सुधार व उन्हें मौका देने का सकारात्मक तरीका है। ऐसा करने से निःसंदेह हालात बेहतर होंगे और जेल को उस तरह से परिभाषित नहीं किया जाएगा कि वहां जाने के बाद कैदी सुधरने के बजाय बिगड़ जाते हैं। इन क्षेत्रों को सीमित करने के पीछे सरकार की मंशा को भी समझना जरूरी है। अपने यहां यूं भी जेलों में सीमा से बहुत ज्यादा कैदी होने के चलते व्यवस्थागत दिक्कतें आती रहती हैं। किसी भी दोषी या सजायाफ्ता को सुधार का मौका अवश्य दिया जाना चाहिए। कई बार देखने में आता है, अपराधियों को अपने कृत्य पर ग्लानि होती है और वे पक्षतावा भी करते हैं। दूसरे, विचाराधीन कैदियों का भी मनोवैज्ञानिक तौर पर सहयोग होना जरूरी है। कारावास का तात्पर्य उन्हें सुधारना न हो, न कि जघन्य अपराधी बनने की तरफ धकेलना।

## हिट एण्ड रन रोकने पारदर्शी व्यवस्थाएं जरूरी

पुणे हिट एण्ड रन मामले के बाद एक बार फिर पूरे देश में इस संबंधी कानून और नियंत्रण पर नई बहस छिड़ गई है। इस दर्दनाक घटना के आरोपी को नाबालिग बताकर कानून की खामियों या कमियां दोनों का भरपूर लाभ दिया गया। वह तो देश व्यापीजन आक्रोश को देखकर फैसला बदला गया वरना जिम्मेदारों ने तो अपना फर्ज निभा ही दिया था। निश्चित रूप से ऐसे मामले चर्चाओं में क्यों आते हैं बिना कुछ कहे सब एकदम साफ है। अब एक बार फिर कानून में सुधार पर नए सिरे से सोचना होगा। आरोपी की मंशा और दुर्घटना की परिस्थितियों तथा यदि उपलबध है तो डिजिटल साक्ष्य को ध्यान में रखकार्रवाई के लिए प्रभावी पारदर्शी सुधारों की दरकार महसूस होने लगी है। यह यकीनन बड़ी चुनौती है लेकिन दोष–निर्दोश और अनजाने हुई दुर्घटना के बीच की महीन लकीरों को बिना मिटाए या प्रभावित किए प्रभावी कार्रवाई चुनौती भी है और जरूरी भी। पुणे दुर्घटना में अकाल मृत्यु के आगोश में समाए 24–24 बरस के अनीस अवधिया और अश्विनी कोस्टा तो वापस नहीं आएंगे, लेकिन दुर्घटना उपरान्त पूछताछ के नाम पर पुलिसिया सवालों से आहत पीड़ित परिवार का दर्द जरूर बड़ा सवाल है। जिम्मेदारों और माननीयों को इस पर भी सोचना होगा। वहीं बड़ा सवाल उस बिगड़ैल रईसजादे का है जिसे नाबालिग होते हुए भी पिता ने महंगी गाड़ी चलाने कैसे दी? जबकि पता था कि न रजिस्ट्रेशन है और न औलाद के पास लाइसेंस। इसे अमीरी का रूतबाकहें या व्यवस्थाओं पर तमाचाजो पुणे जैसे शहर में पैसों की खुमारी से नाबालिग बिना नंबर की गाड़ी 200 कि.मी. की रफ्तार सड़क पर चला नहीं उड़ा रहा था? आखिर दो बेकसूरोंको उड़ाने का दोषी सिर्फ नाबालिग ही नहीं उसका पिता भी बराबर का है! ऐसे हिट एण्ड रन देश में चर्चाओं में रहते हैं। दो–चार दिन हो–हल्ला के बाद शांत भी हो जाते हैं।

# लोक कला के नाम पर अश्लीलता परोसना शर्मनाक

**हिमानी रावत**

**यूट्यूब और सोशल मीडिया पर रिल्स, गानों, फिल्मों, कार्यक्रमों सब में अश्लीलता इस कदर घर करती जा रही है कि आप अपने परिवार के साथ देख ही नहीं सकते। और रही सही कसर अब नंगे होकर रील बनाने वालों ने पूरी कर दी है। अधिकतर गाने, एलबम और सिनेमा अश्लीलता से भरपूर है। आज के लोक गीत सुनने की ही बात कर लें तो उन गानों के हर शब्द में अश्लीलता कूट–कूट कर भरा होता है। जब हम– आप परिवार के साथ मिलकर गाना नहीं सुन सकते तो यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गानों के सीनों का क्या हाल होगा। ऊपर से अश्लीलता का कम्पीटिशन इस कदर होता जा रहा है कि एक से एक हिट एलबम, गाने बनते हैं। अश्लीलता को दिखाने का होड़ इस कदर है कि मत पूछिए। इस बारे में कलाकारों, गायकों से पूछ लिया जाता है तो छूटते ही कहते हैं कि यह तो पब्लिक डिमांड है। जनता यही सब देखना पसंद करती है। ऐसा न परोसें तो गाना हिट ही नहीं होगा।**

वर्तमान परिदृश्य में लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रही है, जो कि चिंतनीय व शर्मनाक है। यह न केवल इन परंपरागत शैलियों को धूमिल कर रहा है बल्कि विदेशी वेस्टर्न के चक्कर में हम अपनी पहचान से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया या यूट्यूब, फिल्म हो या टीवी के कार्यक्रम सभी जगह फूहड़ नाच का नंगा प्रदर्शन किए जाने की परंपरा ने जोर पकड़ लिया है। यूट्यूब और सोशल मीडिया पर रिल्स, गानों, फिल्मों, कार्यक्रमों सब में अश्लीलता इस कदर घर करती जा रही है कि आप अपने परिवार के साथ देख ही नहीं सकते। और रही सही कसर अब नंगे होकर रील बनाने वालों ने पूरी कर दी है। अधिकतर गाने, एलबम और सिनेमा अश्लीलता से भरपूर है। आज के लोक गीत सुनने की ही बात कर लें तो उन गानों के हर शब्द में अश्लीलता कूट–कूट कर भरा होता है। जब हम– आप परिवार के साथ मिलकर गाना नहीं सुन सकते तो यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गानों के सीनों का क्या हाल होगा। ऊपर से अश्लीलता का कम्पीटिशन इस कदर होता जा रहा है कि एक से एक हिट एलबम, गाने बनते हैं। अश्लीलता को दिखाने का होड़ इस कदर है कि मत पूछिए। इस बारे में कलाकारों, गायकों से पूछ लिया जाता है तो छूटते ही कहते हैं कि यह तो पब्लिक डिमांड है। जनता यही सब देखना पसंद करती है। ऐसा न परोसें तो गाना हिट ही नहीं होगा।

अब ऐसे कलाकारों को कौन समझाए कि अश्लीलता की शुरुआत तो फिल्मों व गानों के जरिए ही हमारे समाज में फैली। जिसे रोकने का कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। ऐसे मजनू कलाकारों के चक्कर में हमारा पूरा समाज दूषित होता जा रहा है। मान–मर्यादा सब छिन्न–भिन्न होता जा रहा है। यदि आज भी हम नहीं सचेते तो न जाने हमारे समाज की दशा और दिशा क्या होगी। ऐसा नहीं है कि ऐसे नृत्यों का असर नहीं हो रहा है। पिछले 5–10 सालों में जिस प्रकार का नृत्य व गाने प्रस्तुत किए हैं, उसने तो हमारे समाज के ताना–बाना को ही हिलाकर रख दिया है। ये मन को शांत करने के बजाय अशांत ही कर देता है।बाजार की लालची और मुनाफाखोर प्रवृत्ति ने एक लोककला की हत्या कर दी और अब उसके नाम पर लोगों को अश्लीलता परोस रही है। इन्टरनेट ने बेशक लोगों तक ज्यादा सूचनाएं पहुंचाई है लेकिन इसने ग्रामीण सौंदर्य बोध और मान–मर्यादा को खंडित कर दिया। वह हर चीज को अधिक बिकाऊबनाने के लिए अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी। कुल मिलाकर यह आसानी से देखा जा सकता है कि इन्टरनेट के विस्तार और मोनेटाइजेशन ने ऐसी सामग्री को बढ़ावा दिया है जो बहुत ज्यादा देखी जा रही है लेकिन मानवीय संवेदनाओं पर उसने घातक प्रहार किया है। संगीत की शालीनता पर फूहड़पन भारी वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं आशिक मिजाज गीतकार जिससे देशभर में लम्पटीकरण भरे गीतों के प्रचलन से संस्कृति को गहरी चोट पहुंची है।

आधुनिकता की चकाचौंध में हमारी संस्कृति व विरासत से जुड़े गीत न जाने कहां गुम से हो गए हैं और प्रचलन बढ़ा उन मद भरे गीतों का, जिनमें से संस्कृति व सौन्दर्य गायब होकर उपहासित हो गई है। लम्पटीकरण के शब्द गीतों में भर आए हैं। वर्तमान में तथाकथित रचनाकारों द्वारा रचित गीतकारों, मजनू गायकों द्वारा गाये हुए गीतों में पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर नंगापन आ गया है।

इन अलफाजों में गीत गाने वाले गायकों को इतनी भी शर्म नहीं है कि जिस अंदाज में वे अपने शब्दों को व्यक्त कर रहे हैं व अंदाज जिस डाल पर बैठे हैं उसी को काटने जैसा है। यही अंदाज संस्कृति पर गहरी चोट मार रहा है। लोक गायकों के नाम पर अश्लील लिंक्स से सोशल मीडिया बाजार भरा पड़ा है। कई चैनलों पर भी इस तरह के गीतों का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है। गीत बिकवाने की होड़, व्यूज और लाइक्स के जरिए पैसा कमाने की लालसा, इन सबने पहले ही संस्कृति व विरासत धूमिल कर डाली है क्योंकि गीत संगीत ही एक ऐसा माध्यम होता है जो समाज को संदेशों का पैगाम देती है। आज ये पैगाम अपनी दिशा बदल चुके हैं। विभिन्न बस स्टेशनों, चलने वाले विभिन्न जीप–कार, बसों में जो गीत सुनने को मिलते हैं उनमें छिछोरापन व लम्पटीकरण का अंदाज साफ झलकता है। इन गीतों का श्रवण विशेषकर युवा वर्ग आनंदपूर्वक करता है। कई अवसरों पर शादी–व्याह आदि उत्सवों में कुछ बुजुर्ग जन भी इस तरह के गीतों पर जमकर ठुमके लगाते हैं। सांस्कृतिक परम्परा पर चिंतन करने वाले लोग इसे लोक संगीत पर गहरी ठेस मानते हैं। आशिकी अंदाज के साथ पाश्चात्य संस्कृति की चपेट में आकर गीत गाने वाले गायक–गायिकाएं, नायक–नायिकाएं धीरे–धीरे सांस्कृतिक पहरूओं की नजर का कांटा बनते जा रहे हैं। ऐसा मालूम पड़ता है यदि इन्हीं गीतों का दौर अश्लीलता की पराकाष्ठा लांगता रहा तो इस तरह के लोगों का सामाजिक बहिष्कार जरूरी हो सकता है। आज के गानों में बंदूक, दारू, लड़कीबाजी व अश्लीलता का आयाम देखने को मिल रहा है जो कि हमारी संस्कृति के लिए और गानों के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है।

# विदेशों में हाथ से खाना खाने का बढ़ता चलन

**सुषमा गौर**

हम अपने देश की संस्कृति को धीरे–धीरे भूलते जा रहे हैं और विदेशी संस्कृति को अपना रहे हैं, लेकिन अब हमारे देश की संस्कृति विदेशों में भी प्रचलित हो रही है। हम अपनी प्राचीन संस्कृति में छुपे हुए वैज्ञानिक तथ्यों को समझने में असमर्थ रहे हैं, लेकिन अब विदेशों में बड़े–बड़े वैज्ञानिक उन पर शोध कर रहे हैं और उनके पीछे के वैज्ञानिक कारणों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। आज प्राचीन भारत की जिन बातों का वैज्ञानिक अर्थ समझकर विदेशी लोग उन्हें महत्व दे रहे हैं और उनका सम्मान कर रहे हैं, वे सभी चीजें हमारे पूर्वजों के जीवन में घुली–मिली थीं। हम सभी को उन्हें अपने जीवन में अपनाने की शिक्षा भी मिली थी, लेकिन हमने उन्हें अपने पूर्वजों का पिछड़ापन समझ कर महत्व ही नहीं दिया और उनका तिरस्कार करते रहे। लेकिन अब वैज्ञानिक शोधों से पता चल रहा है कि प्राचीन भारत के लोगों की उन आदतों और परंपराओं का कितना अधिक महत्व है और क्यों भारत के लोग उन्हें अपने जीवन और आचरण में शामिल किए थे। दरअसल हाथ से खाना खाने की परंपरा मानव सभ्यता की शुरुआत से ही चली आ रही है। प्राचीन काल में लोग चम्मच और कांटे जैसी कटलरी का इस्तेमाल नहीं करते थे। वे अपने हाथों से भोजन को उठाकर खाते थे। भारत में सदियों से हाथ से खाना खाने की परंपरा रही है। भारत के अलावा इथियोपिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड और कई अन्य देशों में भी लोग हाथों से खाना खाते रहे हैं। यह सिर्फ खाने का तरीका नहीं है, बल्कि भोजन के प्रति सम्मान और संस्कृति का प्रतीक भी है। कुछ धर्मों में हाथों से खाना खाने को धार्मिक महत्व दिया जाता है। हिंदू धर्म में भोजन को भगवान का प्रसाद माना जाता है, इसलिए भगवान का सम्मान करने के लिए हाथों से खाना खाया जाता है। हाथों से खाना खाना कई संस्कृतियों में सामाजिक बंधन और एकजुटता का प्रतीक भी माना जाता है। अब यह परंपरा पश्चिमी देशों में भी शुरू हो रही है।दरअसल हाथों से खाना खाने के कई फायदे हैं। खाना खाने का यह तरीका भोजन के स्वाद को तो बढ़ाता ही है, साथ ही पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाता है और तनाव कम करने में भी यह काफी मददगार होता है। हाथ से खाना खाने के इन्हीं फायदों को देखते हुए विदेशों में खाना खाने के तरीके में बदलाव हो रहा है। पहले विदेशों में हाथ से खाना खाने को अशिष्टता व स्वास्थ्य के लिए हानिप्रद माना जाता था। पश्चिमी देशों की देखा–देखी भारतीयों ने भी अपनी प्राचीन परंपराओं को छोड़कर हाथ से खाना बंद कर दिया और भारतीय भी अब खाना खाने के लिए अधिकांश रूप से चम्मच व कांटे का ही उपयोग करते हैं। रेस्टोरेंट में तो लोग हाथ से खाने की सोच भी नहीं सकते, क्योंकि उन्हें डर रहता है कि ऐसा करने पर उन्हें पिछड़ा हुआ समझा जाएगा। लेकिन अब लोगों की सोच बदल रही है। विदेशों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं को समझने और अपनाने की कोशिश की जा रही है। अब अमेरिका में हाथ से खाना खाने का चलन बढ़ता जा रहा है। न्यूयॉर्क के कई रेस्टोरेंट में फिंगर–फूड मेनू उपलब्ध हैं। फिंगर फूड का मतलब ऐसा भोजन होता है, जिसे खाने के लिए उंगलियों से पकड़ना पड़ता है। इन रेस्टोरेंट में खाना खाने के लिए चम्मच और कांटे नहीं दिए जाते, बल्कि लोगों को हाथों से खाना खाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।हाथों से खाना खाने के अनेकों लाभ हैं, जैसे पाचन तंत्र में सुधार, मोटापे से बचाव, रक्त संचार में सुधार, एकाग्रता में वृद्धि आदि। दरअसल हाथों से खाना खाने से भोजन को अच्छी तरह से चबाने में मदद मिलती है, जिससे पाचन तंत्र पर बोझ कम होता है। हाथों की गर्मी से भोजन को पचाने में सहायक एंजाइमों की सक्रियता बढ़ जाती है, जिससे खाना आसानी से हजम हो जाता है। दरअसल हमारे हाथों में नॉर्मल फ्लोरल नामक बैक्टीरिया पाए जाते हैं, जो भोजन को पचाने में मदद करते हैं। हाथों से खाना खाने से धीरे–धीरे खाने की आदत लगती है, जिससे लोग कम खाते हैं और मोटापे का खतरा कम होता है।

# समृद्धि के शिखर एवं गरीबी के गड्ढे वाली दुनिया

**अमन कुमार**

वैश्विक संस्था ऑक्सफैम ने अपनी आर्थिक असमानता रिपोर्ट में समृद्धि के नाम पर पनप रहे नये नजरिया, विसंगतिपूर्ण आर्थिक संरचना एवं अमीरी गरीबी के बीच बढ़ते फासले की तथ्यपरक प्रभावी प्रस्तुति समय–समय पर देते हुए इसे संतुलित एवं समानतामय संसार–संरचना के लिए घातक बताया है। संभवतः यह एक बड़ी क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी बन सकता है। ऑक्सफैम के अनुसार आर्थिक असमानता के लिहाज से पिछले कुछ साल काफी खराब साबित हुए हैं। आज देश एवं दुनिया की समृद्धि कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गई है, भारत में भी ऐसी तस्वीर दुनिया की तुलना में अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही है। भारत में भी भले ही गरीबी कम हो रही हो, लेकिन अमीरी कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गई है। बीते चार सालों की घटनाएं, इनमें चाहे कोरोना हो या युद्ध या इससे उपजी महंगाई, बेरोजगारी, अभाव इन सभी कारणों के चलते साल 2020 के बाद दुनियाभर में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। दूसरी ओर इसी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के पांच शीर्ष धनाढ्यों की दौलत पिछले चार साल में 869 अरब डॉलर बढ़ी है। क्या यह आश्चर्य का विषय नहीं कि विकसित दुनिया की दौड़ में कुछेक लोग सबसे आगे दौड़ रहे हैं और बड़ी संख्या में गरीब दहलीज पर खड़े हैं? वो लोग जो अमीरी के शीर्ष पर हैं, वे वर्चुअल दुनिया और एक ग्लोबल बाजार के मालिक हैं। ऐसे लोगों के सामने आम आदमी की गरीबी दूर करने का नहीं, बल्कि अपनी समृद्धि बढ़ाने का लक्ष्य है। यह ऐसी दौड़ है जो असंतुलन को न्यौतती हैं, दुःख, अभाव एवं असंतोष बढ़ाती है।

दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण बाजारवादी नीतियों का हिस्सा एवं ईश्वर की रची मानव– संरचना में बेहूदा हस्तक्षेप है। संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं। ध्यान रहे कि इस प्रत्यारोपण का लक्ष्य मानव–कल्याण कदापि नहीं है। जाहिर है मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है। वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी। वही मस्क जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर–सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं। यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिए हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज एवं कुछेक लोगों तक केन्द्रित होती समृद्धि मानवता की संहारक नहीं बन रही है? जनता में आक्रोश एवं विद्रोह का बड़ा कारण नहीं बन रही है?भारतीय लोग इन दिनों इस बात से बहुत खुश होते रहते हैं कि भारत शीघ्र ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन दुनिया के इस तीसरे सबसे बड़े मालदार एवं समृद्ध देश की असली हालत क्या है? ऑक्सफॉम के ताजा आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की सम्पत्ति 54.12 लाख करोड़ रुपये है यानि उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि वह बताए बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है। इसी का नतीजा है कि देश के 70 करोड़ लोगों की कुल सम्पत्ति देश के सिर्फ 21 अरबपतियों से भी कम है। प्रश्न यह है कि क्या समृद्धि लोगों की शक्ति ही समाज के विकसित होने का मापदंड होती जा रही है? क्या इधर जीवन मूल्यों पर मनुष्य या मानव समाज की पकड़ कमजोर हो रही है और बाजार की मजबूत? क्योंकि इन समृद्ध लोगों की बाजारवादी नीतियों से खरीदना, निरंतर खरीदना एक सामाजिक आदत–सी बन गई है। आम जनता से अधिक इन समृद्ध लोगों पर सरकार का भरोसा बढ़ना एक आदर्श समाज व्यवस्था की बड़ी विसंगति एवं विडम्बना है। मुश्किल यह है कि किसी के दुख को समझने के लिए जो जीवन मूल्यों की नजर चाहिए, उसे बाजार ने हाई–जैक कर लिया है। इंसानियत कमतर हो तो कोई बात नहीं, ब्रांड वैल्यू बढ़नी चाहिए? ऐसी परिस्थिति में आम आदमी क्या करे?

महात्मा गांधी को पूजने वाले सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त एवं ऐसे ही आर्थिक समानता के सिद्धांतों को बड़ी चतुराई से किनारे कर रखा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है।

## बच्चों का मरना भयावह

राजकोट के टीआरपी मॉल के गेमिंग जोन में भीषण आग लगने से 33 लोगों की मौत हो गई। इनमें बच्चे भी हैं। सप्ताहांत के कारण मॉल में बहुत भीड़ थी।

बता रहे हैं कि गेमिंग जोन में वेल्डिंग का काम भी चल रहा था। इसमें बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। लोग भीतर ही फंसे रह गए। धुआं इतना था कि पांच किलोमीटर दूर से नजर आ रहा था। आग के दरम्यान वहां का अस्थायी ढांचा भी ढह गया।चश्मदीदों का कहना है कि अग्नि शमन की गाड़ियां बहुत देर से पहुंचीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ढांचे में बहुत सारे टायर होने के कारण धुआं अधिक फैला। सवाल है कि यहां गेमिंग की मंजूरी कैसे और किसने दी? अग्नि शमन विभाग द्वारा एनओसी ली गई या नहीं, आपातकालीन निकास की व्यवस्था क्यों नहीं थी? राज्य में इसी साल जनवरी में वडोदरा की झील में नाव डूबने के कारण बारह बच्चों की मौत हो गई थी।उससे पहले मोरबी सस्पेंशन ब्रिज ढहने से 135 लोग मारे गए थे, जिनमें एक तिहाई बच्चे थे। 2019 में सूरत के कोचिंग सेंटर में लगी आग में बाइस छात्रों की मौत हो गई थी। सिलसिलेवार होने वाली इन भीषण घटनाओं को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि राज्य में शासन और व्यवस्थागत गड़बडियां चरम पर हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी की कमाई में मामूली बढ़त



मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म भैया जी 24 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. सिर्फ एक बंदा काफी है फेम निर्देशक अपूर्व सिंह कार्की ने भैया जी को डायरेक्ट किया है. ये फिल्म मनोज बाजपेयी की 100वीं फिल्म भी है. भैया जी को रिलीज के पहले दिन बेहद ठंडा रिस्पॉन्स मिला. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को कितना कलेक्शन किया है?

भैया जी के ट्रेलर आने के बाद से ही इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था. हालांकि सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद भैया जी को दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला और इसकी शुरुआत काफी धीमी रही. वहीं मेकर्स को उम्मीद थी कि फिल्म वीकेंड पर शानदार कलेक्शन करेगी. हालांकि फिल्म की कमाई में शनिवार और रविवार को तेजी तो आई लेकिन ये कुछ खास कलेक्शन नहीं कर पाई.भैया जी की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 1.35 करोड़ की कमाई की थी. दूसरे दिन भैया जी का कलेक्शन 1.75 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक भैया जी ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 1.90 करोड़ का कलेक्शन किया है.

इसी के साथ भैया जी की 3 तीनों की कुल कमाई अब 5 करोड़ रुपये हो गई है. मनोज बाजपेयी की रिवेंज ड्रामा भैया जी से बड़ी उम्मीदें थी लेकिन इस फिल्म की कमाई की रफ्तार बेहद धीमी है. दरअसल भैया जी को सिनेमाघरों में राजकुमार राव की श्रीकांत से मुकाबला करना पड़ रहा है और इस फिल्म के आगे मनोज बाजपेयी की भैया जी टिक नहीं पा रही है. बता दें कि श्रीकांत ने 17वें दिन यानी तीसरे संडे को भी भैया जी से ज्यादा कलेक्शन किया है.

# सपोर्ट में पोस्ट करना रोहित शर्मा की पत्नी रितिका को पड़ा भारी



नई दिल्ली। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह अपनी एक इंस्टाग्राम पोस्ट के कारण निशाने पर आ गईं। उन्होंने इजरायल और फिलिस्तीन के बीच चल रहे युद्ध को लेकर अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया था। इसे लेकर वह जमकर ट्रोल होने लगीं। इसके बाद रितिका ने हालांकि ये पोस्ट डिलिट कर दिया।

सोशल मीडिया पर इस समय 'नाम की फोटो जमकर वायरल हो रही है। सभी लोग इसे अपने–अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर रहे हैं। रफाह एक जगह है जहां 1.4 मिलियन फिलिस्तीन शरण ले रहे हैं।

रितिका ने दिया साथ

पूरे इंटरनेट पर इस समय की चर्चा है और इसके फेवर में रितिका भी उतर गईं। लेकिन जैसे ही उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की वैसे ही लोग उन्हें ट्रोल करने लगे और कहने लगे की आपने कभी कश्मीरी हिंदूओं, पाकिस्तान में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ पोस्ट नहीं किया। रितिका को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाने लगा।रितिका ने जब देखा कि लोग इस पोस्ट को लेकर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं तो उन्होंने कुछ ही घंटे बाद इस पोस्ट को हटा लिया। रितिका की हालांकि सिर्फ आलोचना ही नहीं हुई। उनको इस पोस्ट के लिए तारीफें भी मिलीं लेकिन ट्रोल करने वालों की तादाद तारीफ करने वालों पर हावी पड़ी।

ट्रेविस हेड, वरुण धवन ने किया समर्थन

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने भी का पोस्ट किया। उन्होंने ट्विटर पर ये पोस्ट किया। भारत की बात करें तो बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन, समांथा रुथ, तृप्ति डिमरी जैसे लोगों ने इसके समर्थन में पोस्ट किए हैं। इजरायल ने मंगलवार को पहली बार रफाह में टैंक भेजे हैं। ये फैसला उसने तब लिया है जब इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने उसे अटैक करने से मना किया है।

# आनंद देवरकोंडा की नई एक्शन ड्रामा फिल्म गम गम गणेश का ट्रेलर रिलीज

गम गम गणेशा का ट्रेलर रिलीज हो गया है. अपनी हालिया ब्लॉकबस्टर सफलता, *बेबी* की लहर पर सवार होकर, आनंद देवरकोंडा अपनी आगामी क्राइम कॉमेडी *गम गम गणेशा* के साथ एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म उदय बोम्मिसेट्टी के निर्देशन की पहली फिल्म है और हास्य, एक्शन और साज़िश के अनूठे मिश्रण का वादा करती है।

आज जारी किया गया नाटकीय ट्रेलर, आनंद को एक बिल्कुल नए अवतार में पेश करता है – एक करिश्माई चोर और प्लेबॉय। राजपल्ली गांव में स्थापित, कथानक एक प्रतिष्ठित भगवान गणेश की मूर्ति के इर्द–गिर्द घूमता है, जिस पर कब्जा करने के लिए आनंद और राजनेताओं सहित विभिन्न गिरोह होड़ कर रहे हैं।ट्रेलर अराजकता और हास्यपूर्ण तबाही की एक जीवंत तस्वीर पेश करता है, जिसमें हर कोई मूर्ति के लिए एक–दूसरे को मात देने और मात देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। आनंद के सहायक की भूमिका निभा रहे जबरदस्त इमैनुएल हास्य प्रतिभा की एक परत जोड़ते हैं, जबकि आनंद का स्टाइलिश लुक और विशिष्ट उच्चारण उनके चरित्र के आकर्षण को और बढ़ाता है।*गम गम गणेश* में प्रभावशाली कलाकारों की टोली है, जिसमें मुख्य भूमिका में प्रगति श्रीवास्तव, सहायक भूमिकाओं में नयन सारिका, वेनेला किशोर, राज अर्जुन और सत्यम राजेश शामिल हैं। ऊर्जावान संगीत और तेज संपादन फिल्म के लिए प्रत्याशा को बढ़ाता है, जिसे हाइलाइफ एंटरटेनमेंट के तहत केदार सेलागमसेट्टी और वामसी करुमांची द्वारा निर्मित किया गया है। चैतन भारद्वाज ने फिल्म का साउंडट्रैक तैयार किया है।

### मौनी रॉय ने ब्लू बिकनी में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने समंदर किनारे लगाई आग

टीवी सीरियल अभिनेत्री मौनी रॉय इंस्टाग्राम की क्वीन हैं। अदाकारा को अपने फैंस को रिझाना बखूबी आता है। यही वजह है कि एक्ट्रेस की सिजलिंग तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आते ही वायरल होने लगती हैं। अदाकारा मौनी रॉय ने एक बार फिर अपने फैंस को बिकिनी तस्वीरों से ट्रीट दी है। इन तस्वीरों में ब्रह्मास्त्र स्टार मौनी रॉय अपने परफेक्ट फिगर को फ्लॉन्ट करते हुए हर किसी का दिल जीतती दिख रही हैं। यही वजह है कि अदाकारा मौनी रॉय की बिकिनी तस्वीरों ने एक बार फिर इंटरनेट की दुनिया में खलबली मचा दी है।

मौनी रॉय ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वह ब्लू बिकनी में बेहद हॉट लग रही हैं. इन तस्वीरों में मौनी ने अपने बालों को बांध रखा है और हल्का मेकअप किया हुआ है, जिससे उनकी नेचुरल खूबसूरती और भी निखर कर आ रही है.

# माही ने जिंदगी बचाने की उठाई जिम्मेदारी



नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी काफी दिलदार माने जाते हैं। वह अपने फैंस को कभी निराश नहीं करते। चाहे एयरपोर्ट हो या होटल में मिलने आए फैंस, माही सबकी सुनते हैं। उनकी मुराद पूरी करते हैं। एक बार फिर माही ने दिखाया है कि उनके लिए उनके फैंस काफी मायने रखते हैं और उनके लिए उन्हें सख्त भी होना पड़े तो वह हो जाते हैं। मामला आईपीएल 2023 के मैच का है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स का मैच था। इस मैच में जब धोनी बल्लेबाजी कर रहे थे तब एक फैन मैदान में घुस आया था। अब इस फैन का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें ये फैन बता रहा है कि धोनी और उनकी क्या बात हुई थी। इस फैन ने बताया कि धोनी ने उनसे 21 सेकेंड बात की और इस दौरान एक बड़ा वादा कर दिया।

किया ये वादा

इस फैन ने बताया कि जब उसने धोनी को देखा तो सरेंडर कर दिया लेकिन धोनी भागकर जा रहे थे, जब इस फैन ने उनका पीछा किया तो धोनी ने कहा है कि वह मजाक कर रहे हैं। फैन ने कहा, "जब मैंने उन्हें देखा, मैंने उनके सामने सरेंडर करने की कोशिश की। मैंने खुशी में अपने हाथ ऊपर उठा दिए और उनके पीछे भागा। तब माही भाई ने कहा कि मैं मजाक कर रहा हूं यार।" फैन ने कहा, " मैं तो पागल हो गया था। मैंने उनके पैर छुए। वह लीजेंड है। मेरी आंखों मे आंसू थे। उन्होंने मुझसे पूछा का हांफ क्यों रहा है। मैंने उनसे कहा कि मेरी नाक में परेशानी है। माही भाई ने कहा कि तू उसकी चिंता मत कर। मैं तुझे कुछ नहीं होने दूंगा।"

## एक नजर

### 3 जून तक चलेगा संकाय विकास कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जीबीपंत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान घुड़दौडी के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग विभाग में बुधवार को उभरती प्रौद्योगिकी में उन्नति विषय पर संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकाय विकास कार्यक्रम 3 जून तक चलेगा।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. वीएन काला ने किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. राजेश कुमार द्वारा संकाय विकास कार्यक्रम का महत्व बताया गया। इस डेवलपमेंट प्रोग्राम में इलेक्ट्रॉनिक विभाग के सभी फैकल्टी मौजूद रहे। फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, इलेक्ट्रॉनिक्स के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंट्रोल एंड ऑटोमेशन आईओटी, एनालॉग इलेक्ट्रॉनक्सि डिजाइन, एंबेडेड सिस्टम एंड सिगनल प्रोसेसिंग टॉपिक पर आधारित है। कार्यक्रम में आईआईटी, एनआईटी सेंट्रल यूनिवर्सिटी, डीटीयू दिल्ली, इंडस्ट्री के टेक्निकल एक्सपर्ट भाग ले रहे है।

### बीरोंखाल ब्लॉक की 12 ग्राम सभाओं में गहराया पेयजल संकट

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** बीरोंखाल के 12 ग्राम सभाओं में पानी का संकट गहरा गया है। डुमैला मल्ला–बीरोंखाल पंपिंग पेयजल योजना से दो दिनों से पानी नहीं आपूर्ति नहीं होने से सीएचसी बीरोंखाल, बीरोंखाल बाजार सहित कई गांवों में पानी कि किल्लत हो गई हैं। जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का समाना करना पड़ रहा है। ग्रामीण जल संस्थान से जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना हैं कि पानी नहीं आने से लोगों को कई किलोमीटर से पानी ढोने को मजबूर हैं। वहीं भटवाड़ू-रगड़ीगाड़ पेयजल योजना भी पर एक सप्ताह पानी नहीं आ रहा हैं। बीरोंखाल व्यापारी संजय सिहं, अनिल डिमरी, गिरीश रावत ने बताया कि डुमैला मल्ला-बीरोंखाल पंपिंग योजना पर पानी सप्लाई नहीं होने से डुमैला मल्ला, नाकुरी, सिसई, ब्लाक, अस्पताल, बीरोंखाल बाजार, डागू, भमरई आदि गांवों में पानी नहीं आने से ग्रामीण कई किलोमीटर दूर से पानी लानें को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इन गांवों में पानी की सप्लाई करने के लिए टैंकर की व्यवस्था तक नहीं कर रखी है। बीरोंखाल ब्लाक, अस्पताल के कर्मचारी रिखाड़, मैठाणाघाट से टैक्सियों में पानी ला रहें हैं। वहीं रगडीगाड़ निवासी अनिल सिंह का कहना है कि उनके गांवों में जल संस्थान की दो पेयजल योजना है लेकिन दोनों योजनाओं में पानी नहीं आ रहा हैं। इससे ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या खड़ी हो गई हैं। जलसंसथान अवर सहायक अभियंता सौरभ पांडे से संपर्क करने पर बताया कि बारह ग्रामसभाओं में शीघ्र पानी की सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी।

# 42 के पार पहुंचा पारा, लू व चिलचिलाती धूप ने किया बेहाल



गर्मी से निजात को नदी में पहुंचे लोग

### बुधवार को तेज धूप के कारण सड़कों पर बहुत कम दिखाई दी लोगों की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर में गर्मी का पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। तेज धूप व दोपहर के समय चल रही लू ने आमजन को झुलसाना शुरू कर दिया है। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। दोपहर के समय आमजन का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया था।

पिछले एक सप्ताह से गर्मी का पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह से पड़ रही तेज धूप ने आमजन के तन को झुलसाना शुरू कर दिया था। दस बजे के बाद धूप का प्रकोप धींरे-धींरे तेज होते जा रहा है। यही कारण था कि अन्य दिनों के मुकाबले बाजार में कम भीड़ ही दिखाई दी।

घर से निकलते समय लोगों ने छाते का प्रयोग किया। वहीं, गर्मी से निजात पाने के लिए कई लोगों ने खोह नदी में डुबकी लगाई। भीषण गर्मी से बचाव के लिए राहगीरों ने आईसक्रीम व जूस का सहारा लिया। गर्मी व तेज धूप के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। यही कारण था कि दोपहर के समय सड़के भी सूनी नजर आ रही थी।

### धूप व गर्मी से बचाव की सलाह

तेज धूप व गर्मी के बीच चिकित्सक भी लोगों को सावधान रहने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो बुजुर्ग व बच्चों का इस मौसम में खास ध्यान दिया जाना चाहिए। धूप कम होने के बाद ही घर से बाहर निकलना बेहतर है। गर्मी के कारण चिकित्सालय में भी पेट दर्द, आंखों की समस्या के मरीज बढ़ने लगे हैं।

## गेप्स संस्था ने नीरजा गौड़ को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** समाज सेवा में बेहतर योगदान के लिए गेप्स संस्था की ओर से संस्था की अध्यक्ष नीरजा गौड़ को सम्मानित किया गया। इस दौरान सदस्यों ने गेप्स के पूर्व अध्यक्ष स्व. डा. जयप्रकाश कंडवाल की 49वीं जयंती पर उनके श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। कहा कि समाज सेवा के लिए दिए गए जयप्रकाश कंडवाल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

पदमपुर मोटाढांक में दिनेश चौधरी की अध्यक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले सदस्यों ने स्व. जय प्रकाश कंडवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। कहा कि पट्टी कौड़िया, तल्ला बदलपुर व लैंसडाउन की जनता स्व. डा. प्रकाश कंडवाल के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद करती है। रवींद्र सिंह रावत, दिनेश चौधरी, कुलदीप मैंदोला, नीरजा गौड़, रेखा ध्यानी, कुमारी वैशाली ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर संस्था के निदेशक आरबी कंडवाल, नीरजा गौड़, सोम प्रभा कंडवाल, मीनाक्षी बड़थ्वाल, नंदन सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में गेप्स की अध्यक्ष नीरजा गौड़ को सम्मानित करते सदस्य

## मैदान से लेकर पहाड़ तक पानी के लिए हाहाकार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : गर्मी का पारा चढ़ने के साथ ही मैदान से लेकर पहाड़ तक पानी को तरसने लगा है। हालत यह है कि रिखणीखाल के अंतर्गत कलीगाड़ गांव में पेयजल संकट बना हुआ है। भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिए इधर–उधर भटकना पड़ रहा है। वहीं, कोटद्वार के कई वार्डों के साथ ही भाबर में भी पेयजल समस्या विकराल हो रही है। अंगणी पेयजल योजना से रौता, रौतखोली व कलीगाड गांवों को पानी की आपूर्ति होती है।

पिछले एक सप्ताह से योजना की पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से गांवों में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए दर–दर भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीण अरूण लखेड़ा, रामचरण लखेड़ा, अनिल लखेड़ा का कहना है कि वर्तमान में गर्मियों शुरू होते ही गांव में पानी का संकट गहरा गया है। कहा कि गर्मियों की छुट्टी में दिल्ली, देहरादून व कोटद्वार से कई परिवार गांव आ रखे हैं। गांव में पानी की किल्लत होने के कारण काफी परेशानी हो रही है। वहीं, कोटद्वार क्षेत्र में दशकों पुराने नलकूपों से बेहतर पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कई वार्डों में जहां लो–प्रेशर की समस्या बनी है वहीं, कई घरों में पानी की बूंद तक नहीं आ रही है। शहरवासी लगातार पुरानी पेयजल लाइनों को बदलने की मांग उठा रहे हैं।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खाता संख्या 20 खेत, संख्या 17 क मध्ये रकवा 0.032 हेक्टर ग्राम लछमपुर पट्टी हल्दुखाता, तहसील कोटद्वार गढ़वाल। जिसकी सीमायें व नाप निम्न प्रकार से हैः– पूरब में 10 फुट चौड़ा रास्ता, पश्चिम में भूपाल सिंह की भूमि, उत्तर में 10 फुट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में कुंवर सिंह की भूमि के संबंधित मूल विक्रय विलेख जो पूर्व स्वामिनी श्रीमती विजय लक्ष्मी बिष्ट पत्नी श्री सतपाल सिंह बिष्ट जिला पौड़ी ने उक्त सम्पत्ति विकयपत्र दिनांक 30.03.2012 को श्रीमती बबली देवी पत्नी श्री मोहन सिंह नेगी निवासी ग्राम चौकीघाटा, पट्टी मोटाढ़ाक, तहसील कोटद्वार से क्रय की थी जो विक्रयपत्र कार्यालय सब रजिस्ट्रार कोटद्वार में बही नं. 1 जिल्द संख्या 332 पृष्ठ 329 अतिरिक्त बही नम्बर 1 जिल्द नंबर 385 पृष्ठ 463 से 468 में दस्तावेज संख्या 1286 दिनांक 30.03.2012 को विधिवत पंजीकृत दर्ज है। मूल विक्रयपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं, जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले हैं। जिसके सम्बन्ध में सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी श्री रविन्द्र सिंह पुत्र श्री दिनेश सिंह ने पुलिस थाना कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल में सूचना दिनांक 24.05.2024 जी.डी. संख्या 29 को दर्ज करा दी है और वर्तमान श्री रविंद्र सिंह के दस्तावेज नं0 1846 दिनांक 17.07.2021 के जरिये भारतीय स्टेट बैंक की बद्रीनाथ मार्ग शाखा जिसका शाखा कोड 16162 है में बंधक रख कर ऋण प्राप्त करने के इच्छुक है। यदि किसी को आपत्ति हो तो वह प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर सम्पर्क करें।

**श्री रविंद्र सिंह पुत्र श्री दिनेश सिंह**
**निवासी–लछमपुर, पट्टी हल्दुखाता,**
**तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल,**
**उत्तराखण्ड।**
(0179/21)

## मार्ग में यातायात खुलवाने के लिए मजबूती से करें पैरवी

### समस्या को लेकर जीएमओयू ने भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन



कोटद्वार में स्थित जीएमओयू का कार्यालय

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : कोटद्वार-पाखरौ-मोरघट्‌ टी-कालागढ़-रामनगर वन मार्ग खुलवाने के लिए गढ़वाल मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड ने प्रदेश सरकार से न्यायालय में मजबूत पैरवी करने की मांग की है। कहा कि एक संस्था की शिकायत के बाद मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। जबकि, प्रदेशवासी लगातार मार्ग पर आवाजाही खुलवाने की भी मांग उठा रहे है। कहा कि यह मार्ग गढ़वाल व कुमाऊं को जोड़ने वाला एक बेहतर विकल्प है।

यूनियन के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। बताया कि उक्त मार्ग पर ब्रिटिश काल से ही सैनिकों के लिए खाना-पानी व अन्य सामान पहुंचाने के लिए वाहनों का संचालन किया जाता रहा है। यह मार्ग पहाड़ के दूरस्थ क्षेत्र के लोगों के लिए भी एक विकल्प था। लेकिन, कुछ वर्ष पूर्व एक एनजीओ की ओर से जंगली जानवर व वन का हवाला देते हुए यह मार्ग वाहनों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया। मार्ग से प्रदेशवासियों को रामनगर जाने के लिए उत्तर प्रदेश नहीं जाना पड़ता था। साथ ही इससे रामनगर करीब 95 किलोमीटर कम था। कहा कि वर्ष 2018 से मार्ग पर जीएमओयू की बसों का संचालन भी बंद हो गया है। कहा कि यह मार्ग उत्तराखंड के कुमाऊं व गढ़वाल को जोड़ने वाला था। कहा कि मार्ग के संबंध में न्यायालय में जुलाई माह से नियमित सुनवाई होनी है। ऐसे में सरकार को अपना पक्ष मजबूती के साथ रखना होगा।

## कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक :- 576/कर अनु0/भव0ना0/2023-24 दिनांकः- 29.05.2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 343/15 नयागांव नजीबाबाद रोड वार्ड नं0 15 | श्रीमती शिवलेश देवी पत्नी स्व0 श्री सुभाषचन्द्र | श्री नितिन अग्रवाल पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल | रजिस्ट्री एवं खाता खतौनी एवं शपथ पत्र |
| 2 | 68/11 एच0एन0 बहुगुणा मार्ग | श्री विनोद कुमार पुत्र दयानन्द | श्री प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 श्री ओमप्रकाश | मा0 न्यायालय द्वारा पारित राजीनामा एवं शपथ पत्र |

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**

## कोलतार से भरा ट्रक पलटा, पांच वाहन चकनाचूर

श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात को एक डंपर अनियंत्रित होकर घसिया महादेव मंदिर के समीप पलट गया। जिसके कारण सड़क पर खड़े पांच दोपहिया वाहन ट्रक के नीचे आकर चकनाचूर हो गए। पुलिस के अनुसार डंपर ऋषिकेश से तारकोल के ड्रम लेकर कर्णप्रयाग की तरफ जा रहा था। जो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। डंपर में तारकोल के ड्रम रखे होने के चलते फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। श्रीनगर फायर स्टेशन के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि रात 1 बजे के करीब एक डंपर घसियामहादेव के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। कहा कि डंपर के पलटने से सड़क पर तारकोल फैल गया है। साथ में ट्रक के नीचे पांच दोपहिया वाहन दब गए। इससे उनकी टंकी फट गई और पेट्रोल सड़क पर फैल गया। उन्होंने बताया कि कोई अनहोनी ना हो, इसके लिए जब तक वहां से सारा ज्वलनशील पदार्थ हटाया नहीं गया, तब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर ही मौजूद रही। (एजेंसी)

### धधक रहे अमकोटी के जंगल

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** पौड़ी–श्रीनगर हाईवे से सटे अमकोटी के सिविल जंगलों में बुधवार को आग लगी रही। इससे पहले हाईवे पर डोभ श्रीकोट के आस–पास जंगलों में आग लग गई थी। बारिश नहीं होने के कारण पौड़ी मुख्यालय में भी बीते दो–तीन दिनों से पारा चढ़ा हुआ है। बुधवार को पौड़ी का तापमान 32 डिग्री तक रहा। कई दफ्तरों में कार्मिक पंखा चलाकर काम करते हुए दिखाई दिए। पौड़ी–श्रीनगर हाईवे पर अमाकोटी के सिविल जंगल में आग लगने के कारण यहां धुंध छाई रही। डीएफओ सिविल सोयम पौड़ी प्रदीप कुमार ने बताया कि फायर का कोई अलर्ट आया नहीं है।

### उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ट मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनो पर बैटरी ऑपरेट वेहिकल और रेल कोच रेस्टोरेंट के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई–बोलियाँ **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **18.06.2024** को आमंत्रित की गयी है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

सं. 3-Pub-eauction-22-C दिनांकः 28.05.2024. 1601/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### दो दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

हरिद्वार। भेल सेक्टर दो के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दो दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग शुरू हुआ। इसका शुभारंभ भारतीय शिक्षा समिति के मंत्री रजनी कान्त शुक्ल, मायापुर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य अजय सिंह और प्रधानाचार्य लोकेन्द्र दत्त अंथवाल ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में हरिद्वार जिले से 40 आचार्यों और आचार्याओं ने भाग लिया। रजनीकांत शुक्ल ने कहा कि यह मुख्यतः शारीरिक शिक्षकों के प्रशिक्षण का शिविर है। शारीरिक शिक्षक का अलग ही दायित्व होता है। उस पर बच्चे के शारीरिक विकास का दायित्व होता है। कार्यक्रम में करूनेश सैनी, कमल सिंह रावत, अश्वनी, अमित, प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा। उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः- 1960/18ए0सी0 दिनांकः- 25/05/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 11/06/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 31/05/2024 से 10/06/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 11/06/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :

1. अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा। 3. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड रिखणीखाल के मुख्यालय बसड़ा के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator cum back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0 एण्ड टी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-बसड़ा) | 24,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदायें दि0 12/06/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**दुगड्डा (गढ़वाल)**


Affiliation No. ITI (DGET-6/33/9/2014-TC)

# चन्द्रप्रभा
## आई.टी.आई

NCVT – द्वारा मान्यता प्राप्त इलैक्ट्रीशियन ट्रेड

प्रवेश प्रारम्भ

पहले आओ – पहले पाओ सीमित सीटें।

100% Job PLACEMENT ASSISTANCE

6 महीने का फ्री कंप्यूटर कोर्स

*चंद्र प्रभा प्राइवेट ITI* में प्रवेश लेने वालों के लिए विशेष *OFFER*

- Free 6 माह का कम्प्यूटर कोर्स ।
- प्रतियोगी परीक्षाओं की Free कोचिंग ।
- सामान्य AutoCAD कोर्स का FREE प्रशिक्षण ।
- उत्तराखंड के छात्र छात्राओं के लिए शुल्क में विशेष छूट ।
- 10वीं पास विद्यार्थियों को 12वीं की तैयारियों में सहायता ।
- सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में अप्रेंटिस की सुविधा।
- Job प्लेसमेंट गारंटी सहित एक ही छत के नीचे कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध ।

अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें

पताः– सत्तीचौड़, कोटद्वार – पौड़ी गढ़वाल

Mob:- 9759462406, 9759462406

## एक नजर

### आमजन को पिलाया शरबत

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** अग्निशमन एवं आपात सेवा केंद्र की ओर से आमजन को शरबत पिलाया गया। अग्निशमन अधिकारी रमेश चंद्र गौतम के नेतृत्व में फायर सर्विस कर्मचारियों ने कौड़िया चैक पोस्ट में शरबत काउंटर लगाया।

कर्मचारियों व अधिकारियों ने तपती गर्मी में आवाजाही करने वाले लोगों को शरबत पिलाया।

### बस्तियों में ध्वस्तीकरण के खिलाफ कांग्रेस का नगर निगम में प्रदर्शन

देहरादून। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बस्तियों में कार्रवाई के खिलाफ नगर निगम में प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि निगम ने जो लोगों को नोटिस जारी किए हैं। वह निरस्त होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि 2016 की नीति के अनुसार बस्तियों में लोगों को मालिकाना हक मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बॉडीगार्ड, काठबंगला बस्ती, चन्दर रोड, नेमी रोड, बलबीर रोड, राजेश रावत कालोनी समेत अन्य कालोनियों में ज्यादातर मकान 2016 से पूर्व के बने हैं। लेकिन उन्होंने नगर निगम और एमडीडीए ने नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि बस्तियों में मकान ध्वस्त करने की कार्रवाई चिंताजनक है। उन्होंनने कहा कि यदि बस्तियों के लोगों को जल्द मालिकाना हक देने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता बस्तियों के लोगों के साथ आंदोलन शुरू कर देंगे। इस दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, निवर्तमान पार्षद निखिल कुमार, सोमप्रकाश वाल्मीकि के अलावा अन्य लोग शामिल रहे।

### 5.62 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने 5.62 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को लालपुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर आया था।रेल चौकी प्रभारी बीरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि उनकी टीम देररात लालपुल के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी लालपुल अंडरपास की तरफ से एक स्कूटर पर एक युवक आता दिखा। रुकने का इशारा करने पर वह मुड़कर वापस भागने लगा। पुलिस ने कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से स्मैक बरामद हुई। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी ने अपना नाम अमित अरोड़ा उर्फ आशी निवासी मोहल्ला लोधामंडी कोतवाली ज्वालापुर बताया है। आरोपी को जेल भेजा गया है। आरोपी पहले भी कई बार स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है।

### पुलिस और गौ तस्कर के बीच मुठभेड़, बदमाश के पैर में लगी गोली

हरिद्वार। पथरी पुलिस की गौ तस्कर के साथ बुधवार को मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश को रुड़की के अस्पताल में भर्ती कराया। बदमाश के पास से एक जिंदा गोवंश, एक तमंचा और तीन कारतूस बरमाद किए हैं। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को बुधवार सुबह ग्राम ऐथल में अज्ञात चोर के गोवंश पशु चोरी की सूचना मिली। थानाध्यक्ष पथरी रविंद्र सिंह गौ तस्करों की तलाश में निकले। चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम को गौ तस्कर अलावलपुर रोड पर होने की सूचना मिली। पुलिस ने आरोपी को चारों ओर से घेर लिया।

### पुलिसकर्मी की बेटी को हत्या की धमकी, केस दर्ज

हरिद्वार। चमोली में तैनात एक पुलिसकर्मी की बेटी को हत्या की धमकी देने के मामले में बुधवार को रानीपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोप है कि छोटी बहन को परेशान करने से मना करने पर बड़ी बहन को धमकी दी है। इंस्पेक्टर विजय सिंह के मुताबिक रानीपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक पुलिसकर्मी ने शिकायत कर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को एक लड़का परेशान कर रहा है। बार–बार दोस्ती करने की जिद कर रहा है। यह बात उसने बड़ी बेटी को बताई। इस पर बड़ी बेटी ने लड़के को समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि जब बड़ी बेटी ने यह बताया कि पिता पुलिस में हैं तो आरोपी लड़के ने अभद्रता कर गोली मारने की धमकी दी। आरोप है कि अब उल्टे–सीधे मैसेज कर रहा है। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# झंडाचौक में ट्रक के ब्रेक हुए फेल, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



कोटद्वार के झंडाचौक में ब्रेक फेल होने के बाद सड़क किनारे खड़ा ट्रक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नजीबाबाद की ओर से मालगोदाम की ओर जा रहे एक ट्रक के अचानक झंडाचौक के समीप ब्रेक फेल हो गए। चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रक को सड़क किनारे खड़े टेलीफोन के खंबे से टकरा दिया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। हालांकि, इस दौरान दुकानों के बाहर रखे सामान को भी थोड़ा नुकसान पहुंचा है।

बुधवार दोपहर एक ट्रक नजीबाबाद रोड से गाड़ीघाट की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक झंडाचौक चौराहे में पहुंचा, उसके ब्रेक लगने बंद हो गए। चालक ने बताया कि यदि वह ट्रक को झंडाचौक से आगे स्टेशन रोड पर लेकर जाता तो वहां रोड काफी संकरा है, जिससे जानमाल का नुकसान हो सकता था। बताया कि उसे झंडाचौक में एक टेलीफोन का खंभा दिखाई दिया। आसपास किसी भी प्रकार का वाहन खड़ा नहीं था और कोई व्यक्ति भी नहीं था, जिससे उसने ट्रक को खंभे से टकरा दिया। वहीं, खंभा टूटने के बाद पास में स्थित कपड़े की दुकान के बाहर लगी चद्दर टूट गई और बगल में स्थित एक दुकान के बाहर रखा सामान भी टूट गया। घटना के बाद दोनों दुकान स्वामियों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और अपने नुकसान का पैसा देने की बात कहने लगे। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने विवाद को शांत करवाया और ट्रक को मौके से हटाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त स्थान पर कई बार भीड़ लगी रहती है। लेकिन, गर्मी अधिक होने के कारण बाजार में भीड़ नहीं थी, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

## कैबिनेट मंत्री ने किया सामुदायिक भवन कार्य का निरीक्षण

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत गढ़ीकैंट में लगभग 12 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया।

कैबिनेट मंत्री ने संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार जिन योजनाओं का शिलान्यास करती है, उनका लोकार्पण भी करती है।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए समयबद्ध तरीके से काम कर रही है। निश्चित तौर पर सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर गढ़ी कैंट के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

## रोडवेज कर्मचारियों ने किया रक्तदान

देहरादून। परिवहन निगम की ओर से बुधवार को कुल्हान स्थित मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आईएमए ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित शिविर में रोडवेज के अधिकारी और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। रक्तदान कपूर करने वालों में उप महाप्रबंधक (संचालन) सीपी कपूर, उप महाप्रबंधक (विधि) प्रदीप सती, उप महाप्रबंधक (तकनीकी) भूपेश कुशवाह, सहायक अभियंता प्रमोद कुमार दीक्षित, विनय कुमार, सुशील कुमार, गणेश चंद्र पंत, विपिन काला, दीवान राम आर्य, जयराज सिंह पुंडीर, सौरभ श्रीवास्तव, विशाल खरबंदा, विनीत कुमार, आशीष शर्मा, प्रवीण भट्ट, प्रदीप कुमार, विशाल, हेमलता, अमरनाथ गुप्ता, संदीप सिंह, विकास काला, अनदीप नेगी, राहुल सिंह, सरफराज अली, फरदीन, अभय रावत, राहुल गुनियाल, अखिलेश राज, मनीष चंद्र आदि शामिल रहे। इस मौके पर उप महाप्रबंधक (विधि) प्रदीप सती ने कहा कि रक्तदान के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना चाहिए, इससे बड़ा पुण्य का काम कुछ और नहीं हो सकता है।

## प्रेमनगर में स्पेशल ब्रांच के सिपाही से मारपीट, मुकदमा दर्ज

देहरादून। प्रेमनगर चौक पर स्पेशल ब्रांच के सिपाही के साथ मारपीट की गई। मामले में पुलिस मंगलवार को तीन नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालते हुए मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि आरक्षी मनोज चौधरी स्पेशल ब्रांच डाकपत्थर में तैनात हैं। बीते 27 मई को रात करीब साढ़े नौ बजे वह प्रेमनगर चौक पर सूचना जुटाने पहुंचे। उन्होंने अपनी कार पार्क की। तभी राणा मोबाइल गैलरी के मालिक अमित राणा, राजीव राणा और इंद्र सिंह निवासी विंग सात प्रेमनगर और चार अन्य लोग उनके पास आए। कार वहां से हटाने को दबाव बनाया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उग्र रूप दिखाते हुए मारपीट शुरू कर दी। जबकि, पीड़ित ने खुद के सरकारी सेवा में होने और सूचना जुटाने के लिए आने का परिचय दिया। आसपास के लोग बीच बचाव को आए। तब आरोपियों ने छोड़ा। पीड़ित ने मेडिकल कराने के बाद पुलिस को तहरीर दी।

# डीएवी में लाइब्रेरी रिनोवेशन न होने पर छात्रों का हंगामा

देहरादून। डीएवी पीजी कालेज में पिछले करीब आठ माह से लाइब्रेरी का पुनर्निर्माण कार्य ना होने से गुस्साए छात्रों ने बुधवार को हंगामा किया। उन्होंने प्राचार्य का घेराव कर काम जल्द पूरा करवाने की मांग की। छात्रों को आरोप था कि कार्यदायी संस्था को 80 प्रतिशत का भुगतान भी कर दिया गया है। छात्रसंघ अध्यक्ष अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि करीब आठ माह से काम चल रहा है। जबकि काम का ठेका लेने वाली एजेंसी पीडब्ल्यूडी को कुल बजट 48 लाख के करीब 80 प्रतिशत का भुगतान भी हो चुका है। इसके बावजूद काम अटका हुआ है। जिससे छात्रों को पढ़ाई में काफी दिक्कत हो रही है। उन्होंने कार्यदायी विभाग व ठेकेदार पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। छात्रसंघ महासचिव सुमित कुमार ने कहा कि कालेज प्रबंधन और निर्माण एजेंसी छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर समय पर लाइब्रेरी नहीं बनी तो छात्र पढ़ाई कैसे करेंगे। कहा कि यदि शीघ्र ही पुस्तकालय पुनर्निर्माण का कार्य पूर्ण ना करवाया गया तो छात्र संघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा ।जिसकी संपूर्ण जिमेदारी उक्त विभाग एवं कॉलेज प्रशासन की रहेगी । इस मौके पर छात्र संघ के उपाध्यक्ष अनुज शाह, ऋतिक नौटियाल और दीपक राणा आदि उपस्थित रहे ।

## मुख्य सचिव ने परखी उपराष्ट्रपति के दौरे की तैयारी

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आगामी 30 मई को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नैनीताल और उधमसिंह नगर दौरे की सभी तैयारी समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आयुक्त कुंमाऊ मंडल, पुलिस उप महानिरीक्षक कुंमाऊ जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल और उधमसिंह नगर को उप राष्ट्रपति के भ्रमण के दौरान प्रस्तावित कार्यक्रम पर उप राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार समस्त व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने उप राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान एयरपोर्ट, हैलीपेड के साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखने को कहा।

# थडिया-चौंफला की प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़ चेतना सामाजिक एवं सांस्कृति समिति की ओर से आयोजित गढ़ कौथिग में कीर्तन मंडलियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान महिलाओं की ओर से प्रस्तुत की गई थड़िया-चौंफला की प्रस्तुति को दर्शकों ने सबसे अधिक सराहा।



आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते कलाकार

काशीरामपुर तल्ला स्थित पुराना झूलापुल के मैदान में आयोजित गढ़ कौथिग मेले के अंतिम दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण के जनसंपर्क अधिकारी मनीराम शर्मा व निर्वतमान पार्षद गीता नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। राधेश्याम कीर्तन मंडली ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात ओम सांस्कृतिक समिति मवाकोट के लोक कलाकारों ने थड़िया, चौंपला लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी। गढ़ चेतना सामाजिक संस्था के कलाकारों ने विक्की आर्ट ग्रुप के सहयोग से भव्य राम दरबार की झांकी निकाली। राम दरबार लगते ही पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम के तहत कन्या भ्रूण को लेकर भी शानदार नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले निशांत सिंह, रोनित, मोनिका, राधिका, तनुजा, सारिका को भी समिति की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गौ सेवक जसपाल सिंह रावत व जयप्रकाश ढौंडियाल को भी सम्मानित किया गया। गढ़ कौथिग के समापन पर कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाली समस्त कीर्तन मंडलियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सतीश चंद्र, गजेंद्र बिष्ट, अशोक खंतवाल, धीरेंद्र रावत, दीवान सिंह रावत, धीरेंद्र नेगी मौजूद रहे।

# लोनिवि गुप्तकाशी के 55 कार्मिक दिन-रात जुटे कार्य में

### यात्रा मार्ग में संवेदनशील क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त हो रही रेलिंग की त्वरित हो रही मरम्मत

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** श्री केदारनाथ धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। सभी श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में सभी विभागों द्वारा अपनी-अपनी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं जुटाने में निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिससे कि किसी भी तीर्थयात्री को किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित यात्रा संचालित कराने के लिए लोनिवि गुप्तकाशी के 55 श्रमिकों द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है।



अधिशासी अभियंता लोनिवि गुप्तकाशी विनय झिंक्वाण ने बताया कि श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए विभाग द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। कहा कि यात्रा मार्ग के ग्लेशियर प्वाइंट में बर्फ में दबे/फंसे बड़े-बड़े बोल्डर जो बर्फ पिघलने के कारण यात्रा मार्ग की ओर खिसक रहे हैं। यात्रा मार्ग में कोई अप्रिय घटना घटित न हो तथा यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऐसे बोल्डरों को रात्रि के समय श्रमिकों द्वारा हटवाया जा रहा है। जिससे कि कोई भी अप्रिय घटना न घटित न होने पाए तथा यात्रा भी निरंतर सुचारू रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ दर्शन को पहुंच रहे यात्रियों की सुविधा के लिए कतारबद्ध करने के लिए सोनप्रयाग, गौरीकुंड तथा केदारनाथ में स्वर्गारोहिणी में पंजीकरण स्थल पर रेलिंग का कार्य करते हुए कतारबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से तीर्थ यात्रियों को बाबा श्री केदारनाथ के दर्शन कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग के संवेदनशील क्षेत्रों के जिन स्थानों में रेलिंग क्षतिग्रस्त हो रही है तथा यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत रेलिंग का त्वरित गति से मरम्मत कार्य भी कराया जा रहा है। सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित यात्रा संचालित कराने के लिए लोनिवि गुप्तकाशी के 55 श्रमिकों द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## बस्तियों में मकान ध्वस्त करने पर रोक लगाए नगर निगम

देहरादून। जनसंगठनों के पदाधिकारियों ने बुधवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। जिसके तहत उन्होंने बस्तियों में कार्रवाई का विरोध किया। साथ ही नियमितीकरण की मांग की।सीटू के जिला महामंत्री लेखराज ने कहा कि बस्तियों में जिन मकानों को चिन्हित किया गया है। उन्हें ध्वस्त करने पर रोक लगाई जाए। उन्होंने बताया कि गुरुवार को अभियान के विरोध में सचिवालय कूच किया जाएगा। उन्होंने संगठनों के प्रतिनिधियों और बस्ती के लोगों से गांधी पार्क पहुंचने की अपील की है। सभी ने नगर आयुक्त से दस्तावेज उपलब्ध करवाने के लिए पर्याप्त समय देने, बस्तियों का नियमितीरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने, लोगों का पुनर्वास करने समेत अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया। एमडीडीए द्वारा देरी से नोटिस देने की बात कही। बड़े अवैध निर्माण के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की।

# मसूरी के भिलाड़ू और लंढौर में पेयजल संकट से लोगों में आक्रोश

देहरादून। मसूरी में यमुना मसूरी पेयजल पंपिंग योजना से पानी के संकट से काफी हद तक राहत जरूर मिली है, लेकिन अभी भी शहर के भिलाड़ू और लंढौर क्षेत्र के कई हिस्से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। इससे लोगों में आक्रोश है।भिलाड़ू जल स्रोत से मसूरी के कई इलाकों में पानी की सप्लाई होती है, लेकिन जन स्रोत के आसपास के इलाकों में इन दिनों पेयजल संकट बना हुआ है। स्थानीय निवासी कुलदीप, नरेश, तमता, सुधा भंडारी, मनोज, मुकेश ने बताया कि उनके घरों में विगत 10 दिनों से पानी नहीं आ रहा है जिससे उन्हें काफी दिक्कतें हो रही है। वहीं, लंढौर क्षेत्र में भी पानी की समस्या बनी हुई है। जिसको लेकर लोगों में काफी आक्रेश है। व्यापार संघ के अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने बताया कि लंढौर क्षेत्र में पीछे कई दिनों से पानी नहीं आ रहा है। उन्होंने उक्त क्षेत्र में शीघ्र पानी की सप्लाई सुचारु करने की मांग की है। इस बारे में जल संस्थान के सहायक अभियंता टीएस रावत ने कहा की भिलाड़ू में एक–दो जगहों पर पानी की समस्या हो रही है जिसे शीघ्र सुचारु किया जाएगा। जहां कहीं भी पानी सप्लाई न होने की शिकायत मिलेगी वहां पर शीघ्र पानी की सप्लाई सुचारू कर दी जाएगी। बाकी शहर में यमुना पंपिंग योजना से पर्याप्त पानी की सप्लाई हो रही है।

### गुर्जर के डेरे से गायब चोरी करते दो पकड़े

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में वन गुर्जर के डेरे से गाय चोरी करते हुए दो युवकों को पकड़ लिया। गुर्जरों ने आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मंगलवार की देर रात मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सेक्टर–5 बी भेल के पीछे गुज्जर डेरा निवासी गुलाम रसूल ने शिकायत कर बताया कि वह सेक्टर–5 बी भेल के पीछे वह डेरे में रहकर पशु पालन करते हैं।

# ट्रेडर्स ऐसोसिएशन ने पुलिस टीम को सम्मानित किया

देहरादून। मसूरी टेडर्स एंड वेलफेयरए एसोसिएशन ने बुधवार को मसूरी में पुलिस टीम को सम्मानित किया। टीम ने एक सप्ताह के भीतर गुम हुई दो नाबालिग लड़कियों को सकुशल तलाश कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया था। कुलड़ी स्थित रेस्टोरेंट के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में मसूरी टेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि एक सप्ताह में दो ऐसी घटनाएं हुई जिसमें पुलिस ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए दो नाबालिग लड़कियों को सकुशल तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया। कोतवाल अरविंद चौधरी ने कहा कि यह मामला गंभीर था इस पर एसओजी, एसटीएफ के साथ तत्परता से काम किया। टीम वर्क के जरिए पुलिस इस काम करने में सफल रही। इस मौके पर कोतवाल अरविंद चौधरी, एसआई ओमवीर, कांस्टेबल सुधांशु, प्रदीप गिरी, महिला कांस्टेबल सुनीता शाह को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के महामंत्री जगजीत कुकरेजा, भाजपा मसूरी मंडल के उपाध्यक्ष अरविंद सेमवाल, सतीश ढौडियाल, अतुल अग्रवाल, नागेद्र उनियाल, असलम खान, विजय बिंदवाल, राम, शिव अरोड़ा संजय अग्रवाल, ज्योति पुंडोरा, राधे श्याम शर्मा, जोगेंद्र सिह, राजेश शर्मा, मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## गढ़वाल में महाभारत के अनुष्ठानों और समारोहों पर व्याख्यान

देहरादून। पत्रकार, लेखक, गांधीवादी और इतिहासकार सत्य प्रसाद रतूड़ी की जयंती पर बुधवार को स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र में लोक प्रदर्शन कला एवं संस्कृति केंद्र के पूर्व निदेशक डॉ. डीआर पुरोहित ने गढ़वाल में महाभारत के अनुष्ठानों और समारोहों पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया गया।

उन्होंने कहा कि कहा कि गढ़वाल की साहित्यिक गहराई में सत्य प्रसाद रतूड़ी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है और इस तरह के कार्यक्रम हमारी परंपराओं और संस्कृति के इर्द–गिर्द की गति को जीवित रखने में मदद करते हैं।

## मसूरी में पर्यटकों को पर्याप्त पार्किंग की सुविधा मिले

देहरादून। होटल एसोसिएशन ने मसूरी में पर्यटकों को पर्याप्त पार्किंग की सुविधा दिए जाने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बुधवार को मीडिया में जारी बयान में कहा कि इस समय मसूरी में वीकेंड पर पर्यटकों की काफी भीड़ पहुंच रही है। इसके लिए पार्किंग के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। खासतौर पर टैंपो ट्रैवलर्स यहां बड़ी संख्या में पर्यटक लेकर पहुंच रहे हैं और इनके लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है।

उन्होंने मसूरी में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के साथ ही छोटे–छोटे पार्किंग जोन बनाने की भी मांग रखी है। ताकि पर्यटकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मसूरी में मिल सके।

# स्वतंत्रता सेनानी के साथ एक आदर्श नेता चौ. चरण सिंह

हरिद्वार। राष्ट्रीय लोकदल और जाट महासभा पंचपुरी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 37वीं पुण्यतिथि पर यज्ञ किया गया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह पक्के आर्य समाजी, स्वतंत्रता सेनानी और आदर्श नेता थे।



उन्होंने कभी झूठ को अंगीकार नहीं किया। आर्य समाज सेक्टर–एक भेल में आयोजित यज्ञ में आरएलडी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी देवपाल सिंह राठी और जाट महासभा पंचपुरी के महामंत्री देवेंद्र कुंडू ने कहा कि चौधरी चरण सिंह निष्पक्ष रूप से कार्य करते थे।

जब लगातार पुलिस थानों से रोज शिकायत आती थी, तब उन्होंने वेश बदल कर थाने जाकर एक गरीब के रूप में अपनी रिपोर्ट लिखने के लिए कहा, मगर पुलिस आना कानी करने लगे। काफी समय के बाद पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज की। जब रिपोर्ट पर उन्होंने अपना नाम लिखा तो थाने के अधिकारी दंग रह गए।

# एलटी शिक्षकों के होंगे अंतरमंडलीय तबादले : शिक्षा मंत्री



देहरादून। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने एलटी संवर्ग वाले शिक्षकों के अंतरमंडलीय तबादले के लिए एसओपी बनाने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इसके लिए एलटी शिक्षकों की सेवा नियमावली में संशोधन किया जाएगा। शिक्षकों को सम्पूर्ण सेवाकाल में मात्र एक बार संवर्ग परिवर्तन का मौका मिलेगा। शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि एलटी संवर्ग शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांग पर विचार करते हुये राज्य कैबिनेट पहले ही उत्तराखंड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) (संशोधन) सेवा नियमावली–2024 में संशोधन कर अंतरमंडलीय स्थानांतरण को मंजूरी प्रदान कर चुकी है। सरकार ने इस संशोधन के जरिए एलटी संवर्ग के शिक्षकों को सम्पूर्ण सेवा काल में एक बार मंडल परिवर्तन का मौका दिया है। डा रावत ने बताया कि एलटी शिक्षकों के संवर्ग परिवर्तन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में शीघ्र ही शासन स्तर से एसओपी जारी की जाएगी। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। विभागीय मंत्री ने बताया कि नए प्राविधानों के तहत ऐसे सहायक अध्यापको को मंडल परिवर्तन का मौका मिलेगा जिन्होंने अपने मूल संवर्ग में न्यूनतम पांच वर्षों की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को मंडल परिवर्तन का लाभ सम्पूर्ण सेवा में मात्र एक बार ही अनुमन्य होगा। एक मंडल से दूसरे मंडल में स्थानांतरित शिक्षक कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नवीन संवर्ग में कनिष्ठतम हो जाएंगे।

डा रावत ने बताया कि मंडल परिवर्तन करते समय सामान्य शाखा में कार्यरत शिक्षकों का स्थानांतरण सामान्य शाखा जबकि महिला शाखा में कार्यरत शिक्षिकाओं का स्थानांतरण महिला शाखा में ही किया जाएगा। दोनों मंडलों में जिस मंडल में विषयवार वास्तविक रिक्तियों की संख्या कम होगी उस विषय में उतनी सीमा तक ही समान श्रेणी के विद्यालयों में शिक्षकों के स्थानांतरण किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक शिक्षकों से सम्बंधित मंडल स्तर पर ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। डा. रावत ने बताया कि अंतरमंडलीय स्थानांतरण में पारदर्शिता को लेकर शासन स्तर पर अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है।

## छात्र छात्राओं ने सीखे पर्वतारोहण के गुर

देहरादून। सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल (एसबीपीएस) में बुधवार को छात्र छात्राओं के लिए पर्वतारोहण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उनको पर्वतारोहण के गुर सिखाए गए। इस दौरान स्कूल के एमडी विपिन बलूनी ने घोषणा की कि कोर्स में भी इसे शामिल किया जाएगा, ताकि ये भविष्य में छात्रों व प्रदेश के काम आ सके। कार्यशाला में अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंकित कुमार भारती ने छात्रों को पर्वतारोहण के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने रैपलिंग, जूमारिंग, टेंट लगाना सहित कई गतिविधियां सिखाई गई। इस दौरान बच्चे इन गतिविधियों में उत्साह के साथ शामिल हुए। पर्वतारोही अंकित भारती ने छात्रों को पर्वतारोहण में संभावनाएं और रोजगार को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने नेहरू इंस्टीट्यूट आफ माउंटेनियरिंग समेत विभिन्न संस्थानों के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल के प्रबंध निदेशक विपिन बलूनी ने कहा कि कार्यशाला से स्कूली बच्चों में पर्वतारोहण के प्रति रुचि उत्पन्न होगी। बलूनी ग्रुप के प्रबंध निदेशक विपिन बलूनी ने कहा कि स्कूल के छात्रों को अब पर्वतारोहण के गुर भी सिखाए जाएंगे ताकि वह भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहें। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल पंकज नौटियाल भी मौजूद रहे।

## कंपनी के बाहर से बाइक चोरी

हरिद्वार। सिडकुल में कंपनी के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने बुधवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना 27 मई की है, जब अनिल पुत्र मदन पाल निवासी ब्रह्मपुरी रावली महदूद थाना सिडकुल अलकोन इंजीनियरिंग कंपनी में सॉकर रिपेयरिंग करने के लिए आए थे। बाइक को कंपनी के गेट के बाहर खड़ी कर दी थी।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com